प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा मे,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद– कुशीनगर, उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्या :एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 19–20 / 9268 दिनांक 07.02.2020

विषय : राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा जनवरी 2020 में किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने व कृत कार्यवाही से अवगत कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 28 से 31 जनवरी 2020 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था।

भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने हेतु सुझाव सम्बंधित इकाईयों के प्रभारियों तथा जनपदीय टीम को दिये गये। (विवरण संलग्न)

कृपया भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों को एवं दिये गये सुझावों के सम्बंध में कृत कार्यवाही से शीघ्र ही अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–भ्रमण आख्या।

भवदीया

(जसजीत कौर)
अपर मिशन निदेशक

पत्र संख्या :एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 19–20 / तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक प0क0, उ0प्र0, लखनऊ।
2. मण्डलायुक्त, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर ।
3. जिला अधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, कुशीनगर।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गोरखपुर मण्डल को इस निर्देश के साथ कि दिये गये सुझावों के सम्बन्ध में एक सप्ताह के अन्दर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
5. समस्त महाप्रबन्धक / उप महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
6. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर।
7. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, कुशीनगर।

(जसजीत कौर)
अपर मिशन निदेशक

## जनपद कुशीनगर. की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण रिपोर्ट

**राज्य स्तरीय टीम**

1. अरविन्द उपाध्याय, कन्सल्टेंट, परिवार नियोजन।
2. राजीव कुमार दूबे, कार्यक्रम समन्वयक, बाल स्वास्थ्य।

**जनपद स्तरीय टीम**

3. आनन्द त्रिपाठी डी0सी0पी0एम0, कुशीनगर।
4. सिद्वनाथ तिवारी डी0पी0एम0 कुशीनगर।

**पर्यवेक्षण के दौरान आच्छादित की गई इकाईयॉ**

1. जिला संयुक्त चिकित्सालय
2. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (एफ0आर0यू0) – फाजिलनगर।
3. उप स्वास्थ्य केन्द्र –नौरंगिया।
4. वी0एच0एन0डी0 विमलछपरा

मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में उपरोक्त टीम द्वारा दिनांक 28–31 जनवरी 2020 के मध्य जनपद कुशीनगर. का भ्रमण कर एल–3, एल–2 व एल–1 स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों, तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र का अवलोकन किया गया।

उक्त भ्रमण के दौरान भ्रमण किये गये स्वास्थ्य इकाईयों पर निम्न कामन अवलोकन बिन्दु उद्‌घृत हुयेः–

- भ्रमण किये गये स्वास्थ्य इकाईयों के प्रसव कक्ष के टेबल व फुट स्टेप पर जंग लगा था।
- चिकित्सालय के डस्ट बिन में अलग–अलग रंग की पॉलीथिन (Colour Coded Bins) नही थी।
- भ्रमण किये गये स्वास्थ्य इकाईयों पर सक्सन मशीन कार्यरत नही था।
- हाई–रिस्क प्रेगनेंसी चिन्हित नहीं की जा रही थीं।
- जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले भोजन का समुचित आई0ई0सी0 प्रदर्शित नही था।
- चिकित्सालय परिसर में जगह जगह थ्यतम मगजपदहनपीमत लगा हुआ था परन्तु इमरजेन्सी की स्थिति में चिकित्सालय परिसर में तैनात अधिकतर कर्मियों को इसके प्रयोग की जानकारी नही थी।
- एक्स–रे की सुविधा उपलब्ध है, परन्तु टेक्नीशियन के पास टी0एल0डी0 बैच एवं लेड एप्रेन नही है।.
- भ्रमण किये गये स्वास्थ्य इकाईयों पर कन्डोम बाक्स लगाया गया है परन्तु बॉक्स मे कण्डोम नही थे।

**इकाईवार विस्तृत भ्रमण रिपोर्ट निम्नानुसार है :–**

➢ **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र – (एफ0आर0यू0) – फाजिलनगर ।**

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव/कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| **मातृत्व स्वास्थ्य :–** | | |
| **प्रसव कक्षः–** पी0पी0एच0 के प्रबन्धन के बारे में स्टाफ नर्सों को जानकारी नहीं थी। प्रसव कक्ष में पी0पी0एच0 किट की व्यवस्था नही थी।<br>प्रसव कक्ष में समुचित प्रोटोकॉल प्रदर्शित था। हाई–रिस्क प्रेगनेंसी चिन्हित नहीं की जा रही थीं। | एम0एन0एच0 टूल का अध्ययन करने व एस0बी0ए0 प्रोटोकॉल पोस्टर्स आदि लगवाने का सुझाव दिया गया। लेबर रूम में पी0पी0एच0 किट की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। लेबर रूम स्टाफ को हाई रिस्क प्रेगनेंसी के विषय में बताया गया और इसके रिपोर्टिंग से क्या लाभ है उसके विषय में बताया गया एवं हाईरिस्क प्रेगनेंसी चिन्हित एवं उनका अभिलेखीकरण करने हेतु कहा गया। | लेबर रूम स्टाफ |
| प्रसव कक्ष के टेबल, फुट स्टेप व 7 ट्रे पर जंग लगा था | टेबल, फुट स्टेप व 7 ट्रे की रिपेयरिंग एवं पेंटिग कराने का सुझाव दिया गया। | |
| जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत लाभार्थियों | भ्रमण दल द्वारा तत्काल प्रभाव से स्टोर | चिकित्सा अधीक्षक |

| | | |
|---|---|---|
| को भोजन दी जा रही थी।<br>प्रसव कक्ष में डिजिटल घडी नहीं लगी थी। | से आक्सीजन सिलिन्डर निकलवाकर प्रसव कक्ष में लगवाया गया। | |
| प्रसव कक्ष में सक्सन मशीन नही थी। | भ्रमण दल द्वारा सक्सन मशीन लगवाने के निर्देश दिये गये। | |
| केश शीट भरी जा रही है पार्टोग्राफ का प्रयोग किया जा रहा था।<br>ब्लीचिंग पाउडर घोल का प्रयोग किया जा रहा है। | पार्टोग्राफ का प्रयोग सुनिश्चित किया जाये। | लेबर रूम स्टाफ व चिकित्सा अधीक्षक |
| प्रसव कराने वाले स्टाफ एस0बी0ए0 में प्रशिक्षित नही थे | प्रसव एस0बी0ए0 प्रशिक्षत स्टाफ द्वारा कराया जाये। | चिकित्सा अधीक्षक |
| प्रसव कक्ष में विद्युत व्यवस्था बाधित थ्री, जगह–जगह वायरिगं टूटी हुई थी। | भ्रमण दल द्वारा बाधित विद्युत व्यवस्था को तत्काल ठीक कराने हेतु बी0पी0एम0 को निर्देशित किया गया। | |
| डेलेवरी रजिस्टर अपूर्ण पूर्ण पाया गया एवं डाइट रजिस्टर अपूर्ण पाया गया डाइट आदित्य एजेन्सी द्वारा लाभार्थियों को बाहर से टिफिन व्यवस्था द्वारा प्रदान किया जा था। डाइट रजिस्टर में जो लाभार्थियों 48 घन्टें नही रूके थें उनकी भी इन्ट्री 48 घन्टें में प्रदान किये जाने वाले डाइट में की गयी थी। | भ्रमण दल द्वारा डाइट रजिस्टर समुचित अद्यतन करने हेतु बी0पी0एम0 को निर्देशित किया गया। | |
| प्रसव कक्ष में शौचालय अत्यन्त गंदी अवस्था में था एवं पानी की व्यवस्था भी बाधित थी। | भ्रमण दल द्वारा प्रतिदिन सफाई सुनिश्चित करने हेतु बी0पी0एम0 को निर्देशित किया गया। | |
| **बाल स्वास्थ्य :–** | | |
| एन0बी.एस.यू0 मे 02 वार्मर एवं 01 फोटोथैरपी क्रियाशील थी। और कोई भी उपकरण उपलब्ध नही थे।<br>नवजात शिशुओं के उपयाग हेतु विटामिन–K1 इन्जेक्शन उपलब्ध नही था।<br>एन0बी0सी0सी0 कार्नर में 01 रेडियेन्ट वार्मर लगा थी जो क्रियाशील थी।<br>के0एम0सी0 कार्नर मानक अनुरूप कियाशील नही था। | एन0बी.एस.यू0 मानकानुसार क्रियाशील करने हेतु निर्देशित किया गया।<br>विटामिन–K1 इन्जेक्शन सप्लाई हेंतु निर्देशित किया गया।<br>के0एम0सी0 कार्नर मानक अनुरूप कियाशील की जाये। | सम्बन्धित स्टाफ/ चिकित्सा अधीक्षक एवं BCPM |
| **परिवार नियोजन :–** | | |
| स्वास्थ्य केन्द्र मे कन्डोम बाक्स लगा था परन्तु कण्डोम अनुपलब्ध थे। | भ्रमण दल द्वारा तत्काल प्रभाव से कन्डोम बाक्स मे कण्डोम उपलब्ध कराने को कहा गया। | फार्मासिस्ट |
| पी0पी0आई0यू0सी0डी0 की सेवा दी जा रही थी परन्तु प्रसव के सापेक्ष इन्सर्जन काफी कम है। | स्टाफ नर्स को पी0पी0आई0यू0सी0डी0 को प्रसव के सापेक्ष इन्सर्जन रेट बढाये जाने को कहा गया | सम्बन्धित स्टाफ |
| **आई0ई0सी0 :–** | | |
| परिसर में भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की आई0ई0सी0 उपलब्ध थी। किन्तु पर्याप्त नहीं थी। | विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 जनपद स्तर से प्राप्त कर यथास्थान डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| पंजीकरण कक्ष के बाहर गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले नहीं था। | गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले करने व गर्भवती महिलाओं से पंजीकरण शुल्क न लिये जाने का सुझाव दिया गया। | |
| जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले भोजन का साईन बोर्ड समुचित प्रदर्शित नही था। | जे0एस0एस0के0 डाइट के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले भोजन की साईन बोर्ड समुचित प्रदर्शित कराने का | |

| | | |
|---|---|---|
| | सुझाव दिया गया। | |
| जे0एस0वाई0 वार्ड में परिवार नियोजन का आई0ईसी0 प्रर्दशन नही था। | जे0एस0वाई0 वार्ड में परिवार नियोजन का समुचित आई0ईसी0 प्रदर्शित कराने का सुझाव दिया गया। | |
| **चिकित्सालय परिसर :–** | | |
| वार्ड में बेड साइड स्टैण्ड व टेबल पर जंग लगा था। | स्टैण्ड व टेबल की रिपेयरिंग एवं पेंटिग कराने का सुझाव दिया गया। | |
| परिसर के अन्दर शिकायत पेटिका नही लगी थी, शिकायत निवारण कमेटी का गठन रिकार्ड भी देखने को नही मिला। | शिकायत निवारण कमेटी का गठन व रिकार्ड मेण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| हेल्पडेस्क की व्यवस्था नहीं थीं। | हेल्पडेस्क की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक नही पायी गयी। | नियमित रुप से परिसर की साफ–सफाई कराये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| चिकित्सालय परिसर में जगह जगह थ्पतम मगजपदहनपीमत लगा हुआ था परन्तु इमरजेन्सी की स्थिति में चिकित्सालय परिसर में तैनात किसी भी कर्मी को इसके प्रयोग की जानकारी नही थी। | भ्रमण दल द्वारा थ्पतम मगजपदहनपीमत के प्रयोग हेतु डवबा कतपसस कराने हेतु निर्देश दिये गये। | चिकित्सा अधीक्षक |
| **एक्स–रे व पैथोलॉजी :–** | | |
| एक्स–रे की सुविधा उपलब्ध है, परन्तु टेक्नीशियन के पास टी0एल0डी0 बैच एवं लेड एप्रेन नही है। | टी0एल0डी0 बैच एवं लेड एप्रेन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। | Procurement Cell-SPMU व चिकित्सा अधीक्षक |
| **बायोमेडिकल वेस्ट :–** | | |
| डस्ट बिन में अलग–अलग रंग की ब्वसवनत ब्वकमक ठपदे पॉलीथिन नही थी।<br>बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण का प्रयोग किया जा रहा है।<br>किसी भी कार्मिक द्वारा व्यक्तिगत बचाव उपकरण धारण नहीं किया गया था।<br>बायोमेडिकल वेस्ट की लाग बुक नियमानुसार भरे जा रहे थे। | ब्वसवनत ब्वकमक ठपदे की उपलब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया।<br>स्वास्थ्य केन्द्र को प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्राधिकृत कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।<br>सम्बंधित स्टाफ को बायोमेडिकल वेस्ट की लाग बुक नियमानुसार भरे जाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>बायो मेडिकल वेस्ट का प्रशिक्षण आवश्यक रूप से आयोजित कराने हेतु सुझाव दिया गया। | सम्बंधित स्टाफ एवं चिकित्सा अधीक्षक |
| **एच0एम0आई0एस0 :–** | | |
| डाटा वैलिडेशन समिति बनी हैं।<br>एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर अंकित की जा रही ऑकड़ों में कमिया पायी गयी | एच0एम0आई0एस0 पोर्टल के सभी सूचकांको पर हैन्ड होल्डिंग की गयी | डाटा वैलिडेशन समिति के सदस्य |
| **102 एम्बुलेन्स :–** | | |
| 102 एम्बुलेन्स द्वारा दी जा रही सेवाओं का सत्यापन चिकित्साइकाई द्वारा नही की जा रही है। अथार्त एम्बुलेन्स द्वारा दी गयी Drop OUT एवं Drop पद के लाभार्थियों का सत्यापन चिकित्साईकाईयों के सक्षम अधिकारियों से सत्यापित नही कराया जा रहा है। | एम्बुलेन्स की मासिक रिर्पोट (क्तवच व्न्ज एवं क्तवच पद के) लाभार्थियों का सत्यापन चिकित्साईकाई के सक्षम अधिकारियों से सत्यापित कराने का सुझाव दिया गया। | बी0पी0एम0 / चिकित्सा अधीक्षक |
| ➢ **जिला संयुक्त चिकित्सालय** | | |
| **एस0एन0सी0यू0** | | |

Ar.

| | | |
|---|---|---|
| 18 रेडिएण्ट वार्मर के स्थान पर 07 रेडिएण्ट वार्मर पर ही क्रियाशील है।<br>आक्सीजन कन्सट्रेटर कियाशील नही था।<br>07 बेड हेतु 14 स्टाफ नर्स कार्य कर रही है।<br>के0एस0सी0 यूनिट में तीमारदारों के उपयोग में लाया जा रहा है। | इकाई हेतु निर्देशित किया गया कि 01 वार्मर पर 01 ही बच्चे को भर्ती किया जाय।<br>सायरिस कम्पनी से खराब पडें उपकरणों को तत्काल ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया।<br>के0एस0सी0 यूनिट का उपयोग मात्र भर्ती बच्चे की मॉ के उपयोग में लाया जाय। | सी0एम0एस0 / सी0एम0ओं |
| **एन0आर0सी0:–** | | |
| 10 बेडेड इकाई में भ्रमण के दौरान मात्र 01 बच्चा भर्ती था।<br>अप्रैल से दिसम्बर तक लाभार्थियों का भुगतान लम्बित था।<br>01 मेडिकल अफिसर एव केयरटेकर की पोस्ट रिक्त है। | आर0बी0एस0के0 एवं आगंनबाडी आशा के माध्यम से सैम बच्चों का एन0आर0सी0 में भर्ती कराया जाय।<br>लम्बित भुगतान अविलम्ब कराना सुनिश्चित किया जाय।<br>वाकॅ इन के माध्यम से मेडिकल अफिसर का एवं आउटसोर्स के माध्यम से चयन करना सुनिश्चित करें। | सी0एम0एस0 / सी0एम0ओं |

➢ **उपकेन्द्र–नौरंगिया –**

- इस सेन्टर पर पर 02 ए0एन0एम0 कार्यरत है।
- इस उपकेन्द्र पर प्रसव की सुविधा उपलब्ध है, परन्तु एल0वन0 मानकानुसार प्रसव कक्ष नही है।
- बायोमेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण नही किया जा रहा है।
- परिवार नियोजन के अर्न्तगत कन्डोम, ओ0सी0पी0, ई0सी0पी0 की सेवा उपलब्ध है।
- प्रति माह औसतन 15 प्रसव लोड है।
- उपकेन्द्र पर बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण के लिये निस्तारण पिट नही बनी है।
- बायोमेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण नही किया जा रहा है।
- सभी रजिस्टर मैंनुअल है।

**संलग्न– चेकलिस्ट।**

➢ **ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस –विमला छपरा**

ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन ग्राम पंचायत भवन पर किया जा रहा था। उक्त दिवस के दौरान ए0एन0एम0 सुश्री
उपस्थित थी।
भ्रमण के दौरान पाया गया कि –

✓ दिवस का आयोजन कार्यक्रम माइक्रो प्लानिग के अनुसार किया जा रहा था, किन्तु माइक्रो प्लान की प्रति उस वक्त उपलब्ध नहीं थी।
✓ दिवस की सूचना हेतु सत्र स्थल पर बैनर लगा हुआ था।
✓ सत्र स्थल पर समस्त आवश्यक सामग्री एवं वैक्सीन उपलब्ध थी।
✓ लाभार्थियों को दी जाने वाली दवाईयां टेबल पर अस्त व्यस्त दशा मे पाई गई। ए0एन0एम0 द्वारा दवाईयां ठीक प्रकार से रखवाई गई एवं भविष्य में व्यवस्थित तरीके से दवाईयां रखने की सलाह दी गई।
✓ सत्र स्थल पर तख्त पर गर्भवती महिलाओं की जांच की जा रही थी।
✓ ए0एन0एम0 के पास उपलब्ध ड्यू लिस्ट के अनुसार 65 प्रतिशत लाभार्थियों का टीकाकरण किया जा चुका था, शेष लाभार्थियों को सत्र स्थल पर सेवांए प्राप्त करने हेतु बुलाने के लिए आशा एवं आंगनबाड़ी द्वारा प्रयास किया जा रहा था।
✓ सत्र स्थल पर उपस्थित लाभार्थियों के एम0सी0पी0 कार्ड पर एम0सी0टी0एस0 सं0 दर्ज नहीं थी। उक्त के सम्बन्ध में ए0एन0एम0 को निर्देशित किया गया कि वह एम0सी0पी0 कार्ड पर एम0सी0टी0एस0 सं0 अवश्य दर्ज कराए।
✓ आशा के पास उपलब्ध ग्राम सूचकांक रजिस्टर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विशिष्ट परिवार सं0 दो बार दर्ज की गई थी, जिसे सही कराया गया।

- ✓ ग्राम सूचकांक रजिस्टर पर परिवार सं0 कमांक का अंकन कमबद्वता के साथ नही किया गया था। उक्त के सम्बन्ध में आशा एवं बी0पी0एम0 को निर्देशित किया गया कि वह परिवार सं0 कमबद्व तरीके से अंकित करे।
- ✓ उक्त के सम्बन्ध में बी0पी0एम0 को निर्देशित किया गया कि वह बी0सी0पी0एम0 एवं आशा संगिनियो के साथ क्लस्टर बैठक के दौरान आशाओ की पंजिकाओं का अवलोकन कर लें, जहाँ कहीं भी इस प्रकार की कमी पायी जाये उसे तत्काल दूर किया जाये। समस्त आशाओं की पंजिका को पूर्ण कराया जाये एवं पंजिका पर समस्त सूचनाये पेन से अंकित की जाये

**संलग्न– चेकलिस्ट।**

राजीव कुमार दूबे
(कार्यक्रम समन्वयक,बालस्वास्थ्य )

अरविन्द उपाध्याय
(कन्सल्टेंट,परिवार नियोजन)

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा मे,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद– कुशीनगर, उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्या :एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 19–20 / दिनांक :07 02.2020

विषय : राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा जनवरी 2020 में किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने व कृत कार्यवाही से अवगत कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 28 से 31 जनवरी 2020 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था।

भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने हेतु सुझाव सम्बंधित इकाईयों के प्रभारियों तथा जनपदीय टीम को दिये गये। (विवरण संलग्न)

कृपया भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों को एवं दिये गये सुझावों के सम्बंध में कृत कार्यवाही से शीघ्र ही अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–भ्रमण आख्या।

भवदीया

(जसजीत कौर)
अपर मिशन निदेशक

पत्र संख्या :एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 19–20 / 9268-7 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक प0क0, उ0प्र0, लखनऊ।
2. मण्डलायुक्त, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर ।
3. जिला अधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, कुशीनगर।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गोरखपुर मण्डल को इस निर्देश के साथ कि दिये गये सुझावों के सम्बन्ध में एक सप्ताह के अन्दर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
5. समस्त महाप्रबन्धक / उप महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
6. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर।
7. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, कुशीनगर।

(जसजीत कौर)
अपर मिशन निदेशक